**कार्यालय प्राचार्य,**
**शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा,जिला – बालोद (छ.ग.)**
Email ID – govtcollegelohara@gmail.com Tell.No- 07748-299010

पत्र क्रमांक 797/परीक्षा/2022 डौण्डी लोहारा, दिनांक 15/01/2022

# //आवश्यक सूचना//

महाविद्यालय के **प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर** कक्षाओं के समस्त नियमित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2021–22 के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षाएं ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड में दिनांक 20 जनवरी 2022 से प्रारम्भ हो रही हैं। परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय से प्रदान किया जावेगा। समस्त परीक्षार्थी **दिनांक 15.01.2022 से 19.01.2022** तक **श्री दिनेश कुमार साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन** से उत्तरपुस्तिका अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेवें।

- परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय से प्राप्त करें। उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय से प्राप्त नहीं करने पर परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के रूप में ए–4 साईज पेपर का उपयोग कर सकेंगे। जिसमें कव्हर पेज के रूप में विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में दी गई जानकारी को भरा जाना अनिवार्य हैं।
- एम.ए. पाठ्यक्रम – प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों हेतु समस्त प्रश्नपत्र वेबसाईट पर अपलोड होने की **तिथि 21.01.2022 दिन शुक्रवार** को विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** एवं महाविद्यालय के वेबसाइट **www.gecdl.in** पर प्रातः 11.00 बजे से अपलोड की जावेगी।
- एम.ए. पाठ्यक्रम – प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों हेतु समस्त उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 25.01.2022 दिन मंगलवार** को निर्धारित की गई हैं।
- परीक्षार्थियों को महाविद्यालय में उत्तरपुस्तिका जमा करते समय प्रवेश पत्र (Admit Card) की दो प्रति साथ में लाना अनिवार्य हैं।
- उत्तरपुस्तिका जमा करने की अंतिम तिथि के उपरांत जमा की गई उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी की होगी।
- परीक्षार्थी स्व हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका ही संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। परीक्षार्थियों द्वारा टाईप/प्रिंटआउट/फोटोकापी उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जावेगी।
- स्पीड पोस्ट/कोरियर/ई–मेल से प्रेषित उत्तरपुस्तिकाएं मान्य नहीं की जावेगी।
- उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने एवं जमा करते समय परीक्षार्थियों को कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य हैं।

15/01/22

(राजू लाल कोसरे)
प्रभारी प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय
डौंडीलोहारा जिला-बालोद (छ.ग.)